ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहॉपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 11.06.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- उपहार उपवन योजना के अन्तर्गत आज दिनांक 11.06.2021 को न्यू सिटी (ककरा) जैव विविधता पार्क में आरती तिवारी द्वारा पीपल का पौधा लगाया गया।

1. उपहार उपवन योजना के अन्तर्गत आज दिनांक 11.06.2021 को न्यू सिटी (ककरा) जैव विविधता पार्क में आरती तिवारी द्वारा पीपल का पौधा लगाया गया। नगर निगम द्वारा नगर क्षेत्र के न्यू सिटी (ककरा) में बने जैव विविधता पार्क में चलाई जा रही उपहार उपवन योजना के अन्तर्गत नगर वासियों द्वारा अपने जन्मदिन, अपनी शादी की सालगिराह एवं अपनों की याद में पौधे रोपित किये जा रहें है। जिसके दृष्टिगत आज दिनांक 11.06.2021 को आरती तिवारी पुत्री श्री राजेन्द्र तिवारी निवासी हुण्डालखेल द्वारा अपने पिता स्व0 श्री राजेन्द्र तिवारी की याद में पीपल का पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर आरती तिवारी द्वारा नगर निगम द्वारा चलाई जा रही इस योजनना की प्रशंसा की गई। इस मौके पर उपस्थित सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता द्वारा नगरवासियों से अपील की गई कि सभी नगरवासी इस योजना का लाभ उठायें व अपने जन्मदिन, अपनी शादी की सालगिराह एवं अपनों की याद में एक पौधा अवश्य लगायें, जिससें नगर को भी एक अच्छा वातावरण मिल सकें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।